(ग) राज्य में बिछाई जा रही अन्य लाइनें हैं :-

गुना–इटावा (ब.ला.) वरास्ता शिवपुर–ग्वालियर–भिंड

मथुरा–अलवर (ब.ला.)

रामपुर–न्यू हलद्वानी (ब.ला.)

बगहा–छितौनी (मी.ला.)

उत्तर प्रदेश में रेल लाइनें

3049. **श्री ईश दत्त यादव**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में कुछ रेल लाइनें पुरानी और जर्जर हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इन रेल लाइनों के नवीकरण की कोई योजना है ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) कतिपय लाइनों पर कहीं-कहीं रेलपथ का नवीकरण अपेक्षित हो गया है।

(ख) किसी समूची लाइन का नवीकरण अपेक्षित नहीं हुआ है। यद्यपि मुख्य लाइनों पर रेलपथ का कहीं-कहीं नवीकरण अपेक्षित हो गया है, लेकिन नवीकरण का बकाया काम अधिकांशतः शाखा लाइन प्रणाली पर है।

(ग) रेलपथ नवीकरण के कार्यक्रम हर वर्ष बनाये जाते हैं तथा इनमें ट्रैफिक मार्गों तथा यातायात के उच्च घनत्व वाली अन्य लाइनों को उच्चतर प्राथमिकता दी जाती है। इसके अलावा, बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन की परियोजनाओं से मीटर लाइन प्रणाली पर नवीकरण का बकाया काम काफी कम होता जा रहा है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Candidates Selected for IOW Grade III

3050. SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Railway Recruitment Board, Ajmer sent to the General Manager, Northern Railway a list of candidates selected for the posts of IOW Grade III during the last six months of 1991, if so, what are the meritwise names of candidates declared medically fit out of them;

(b) whether some of them have already been offered appointment|sent for training; if so, what are their names and their respective merit position;

(c) whether the claims of some of them with higher merit position have been ignored in offers of appointment|training made so far, if so, what are the reasons therefor and by when the rest are likely to be given offers; and

(d) whether some of them are being considered for apopintment as PWI instead of IOW, if so, what are the reasons for changing the category and the meritwise names of such candidates and by when these appointments are likely to be made?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b) Railway Recruitment Board, Ajmer had sent a panel of 52 selected candidtaes for the posts of Inspector of Works Grade III in scale Rs. 1400—2300 (RPS). 48 of them were declared medically fit and offered appointment. 34 have reported so far and sent for training. Details are given in the statement attached. (*See* below)

(c) No, Sir.